प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

19.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, ए.आई.आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई.आर मोबाईल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम ए.आई.आर न्यूज, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर उपलब्ध रहेगा। मन की बात कार्यक्रम के हिन्दी में प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

## गुड़िया केस

वर्ष 2017 में घटित हुए गुड़िया दुष्कर्म व हत्या मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई की एक अदालत ने हिमाचल प्रदेश पुलिस के पूर्व पुलिस महानिरीक्षक जहूर हैदर जैदी और सात अन्य पुलिसकर्मियों को दोषी करार दिया है। दोषियों को अदालत द्वारा सजा 27 जनवरी को सुनाई जाएगी। मामले में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक शिमला डीडब्ल्यू नेगी को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया। सीबीआई ने जैदी और अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किए जिसमें 52 से अधिक गवाहों के बयानों के आधार पर एक मजबूत मामला पेश किया गया था।

## मुख्यमंत्री–कांगड़ा दौरा

कांगड़ा जिला के शीतकालीन प्रवास के तीसरे दिन मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज नूरपुर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 30 करोड़ की सात विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे।

*अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कांगड़ा संवाददाता की ये रिपोर्ट*

## पैराग्लाईडर मौत

कुल्लू ज़िला की गड़साघाटी में शुक्रवार को पैराग्लाडिंग करते हुए एक पैराग्लाइडर के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक पर्यटक की मृत्यू हो गई जबकि पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान तमिलनाडु निवासी जायेश के रूप में हुई है।

उधर धर्मशाला घूमने आई महिला पर्यटक भी पैराग्लाइडिंग के दौरान कल हादसे का शिकार हो गई। महिला पर्यटक को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले पर्यटक की मौत हो गई। मृतक महिला पर्यटक की पहचान भावेश्वर खुशी के रूप में हुई है।

<u>मौसम</u>

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। जनजातीय जिला किन्नौर और लाहौल–स्पीति की ऊंची चोटियों पर हल्के हिमपात का समाचार है। मौसम विभाग ने प्रदेश में 22 व 23 जनवरी को अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों व मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में वर्षा की संभावना जताई है। प्रदेश के 5 स्थानों का तापमान माइनस में पहुंच गया है। वहीं किन्नौर जिला की ऊंची चोटियों पर हिमपात से जिला एक बार फिर शीतलहर की चपेट में है

*...........अधिक ब्यौरे के साथ हमारी किन्नौर संवाददाता...............*

मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की बर्फबारी और वर्षा की संभावना जताई है।

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

गुड़िया मामले में सीबीआई अदालत के फैसले संबंधी खबर सभी समाचार पत्रों में प्रमुखता लिए हुए है।

**पंजाब केसरी** के शब्द हैं **पूर्व आई जी जहूर हैदर जैदी सहित 8 पुलिस कर्मी हत्या के दोषी करार। अमर उजाला** ने लिखा है **गुड़िया मामले से जुड़े सूरज लॉकअप हत्याकांड में आई जी जैदी, डीएसपी जोशी समेत आठ पुलिसकर्मी दोषी करार। दैनिक भास्कर** और **दैनिक जागरण** का लगभग एक जैसा शीर्षक है **गुड़िया गैंगरेप के आरोपी की कस्टेडियल डेथ मामले में आईजी जैदी समेत 8 दोषी करार।**